Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding resumption of Services of Ekta Express (Train No. 14795/96)

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): गाड़ी संख्या 14795/96 "एकता एक्सप्रेस गाड़ी" जो कि भिवानी से चलकर वाया चंडीगढ़-कालका तक पिछले लगभग 30 वर्षो से संचालित हो रही थी, पिछले दो वर्षों से (वैश्विक महामारी कोरोना के कारण) बन्द हैं। उक्त गाड़ी को पुन: चलाया जाए। दैनिक यात्री, कर्मचारी, चंडीगढ़ हाईकोर्ट के केसो को निपटाने के लिए जाने वाले एडवोकेटस, निम्न एवं मध्यम वर्ग के हजारों दैनिक यात्री जो कि अपनी रोजी-रोटी के लिए चंडीगढ़ आते-जाते थे, उक्त गाड़ी के बंद होने के कारण आमजन को काफी आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए मेरा रेलवे मंत्रालय से निवेदन है गाड़ी संख्या 14795/96 (एकता एक्सप्रेस गाड़ी) को पुन: शीघ्र शुरू किया जाए।